

**धोनी ने बहुत कुछ हासिल किया**

वकार ने कहा, सौरभ गांगुली वह इनसान थे जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में सुधार की शुरुआत की और महेंद्र सिंह धोनी ने उस सफर को आगे बढ़ाया। वह वर्ल्ड कप चैंपियन हैं और उन्होंने एक नहीं दो वर्ल्ड कप जीते हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत कुछ हासिल किया है, अपने लिए, अपने देश के लिए और अपने परिवार के लिए।

## महेंद्र सिंह धोनी लाजवाब क्रिकेटर हैः वकार यूनिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मंगलवार को अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनके प्रशंसकों की कोई कमी नहीं। धोनी के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि न सिर्फ उनकी टीम बल्कि विपक्षी भी उनके कायल हैं। वे भी उनका और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच वकार यूनिस भी इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं। दुनिया के सबसे शानदार तेज गेंदबाजों में शुमार रहे वकार ने एक चौट शो के दौरान अपने फैंस से बातचीत में इतने वर्षों में धोनी की उपलब्धियों की खूब तारीफ की। वकार ने कहा, महेंद्र सिंह धोनी लाजवाब क्रिकेटर हैं। जिस तरह से उन्होंने टीम की कप्तानी की है उसे लफ्जों में बयां नहीं किया जा सकता। वह बहुत बड़े और अच्छे कप्तान हैं जो चीजों को अच्छी तरह समझते हैं। वकार ने आगे कहा, वह बहुत अच्छे इनसान हैं और एक छोटे से गांव से आकर जो ऊंचाइयां उन्होंने हासिल की हैं और ऊपर से इतने बड़े देश की टीम की कप्तानी उन्होंने की है इसकी तारीफ तो बनती है।

# बर्थडे पर सौरभ गांगुली ने की महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ

**क्रिकेट**

## बताया धोनी दुनिया के बेस्ट क्रिकेटर्स में से एक है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के खेल का भला कौन कायल नहीं है। अब महेंद्र सिंह धोनी के जन्मदिन पर दादा सौरभ गांगुली ने भी माही की जमकर तारीफ की है। क्रिकेटर मयंक अग्रवाल के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि भारतीय टीम को धोनी जैसा क्रिकेटर मिला। गांगुली ने कहा कि धोनी दुनिया के बेस्ट क्रिकेटर्स में से एक हैं।

मयंक अग्रवाल से बातचीत में सौरभ गांगुली ने यह भी माना कि उन्होंने ही 2004 में बीसीसीआई सिलेक्टर्स को धोनी को चुनने के लिए कहा था। तब भारत को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी थी। इसपर बात करते हुए गांगुली ने कहा कि यह उनका काम था, कोई भी कैप्टन यही करता



है कि बेस्ट प्लेयर को टीम में ले। उन्होंने भी उस वक्त यही किया। इसके बाद गांगुली बोले कि उन्हें खुशी है कि धोनी जैसा खिलाड़ी टीम इंडिया को मिला। उन्होंने कहा कि उनका खेल अविश्वसनीय था। गांगुली ने आगे कहा कि धोनी सिर्फ बेस्ट फिनिशर नहीं बल्कि ग्रेट प्लेयर्स में से एक हैं।

'दादा ओपन विद मयंक' नाम से हुए इस कार्यक्रम में मयंक अग्रवाल ने गांगुली से कई सवाल किए। एक सवाल कोरोना वायरस पर भी था। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि देश को इस साल के आखिर या अगले साल की शुरूआत तक कोविड–19 महामारी को झेलना होगा।

उनके इस बयान से यह लगभग साफ हो गया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आयोजन भारत में नहीं होगा।

### धोनी के जन्मदिन पर पत्नी साक्षी का प्यारा सा संदेश

मंगलवार को महेंद्र सिंह धोनी का 39वां जन्मदिन है। टीम के साथियों के साथ–साथ दुनियाभर में उनके फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। उनकी पत्नी साक्षी ने भी उन्हें इंस्टाग्राम पर बधाई दी है। साक्षी ने अपने पति के लिए एक प्यारा सा संदेश लिखा है। साक्षी ने धोनी की सफेद होती दाढ़ी के साथ ही लिखा कि वह अब पहले से ज्यादा प्यारे और स्मार्ट हो गए हैं। साक्षी ने लिखा, तुम एक साल और बड़े हो गए। बाल थोड़े से और सफेद हो गए। थोड़े और समझदार और प्यारे हो गए। तुम वह इनसान नहीं हो जो प्यारे संदेशों और तोहफों से प्रभावित हो जाए। तो चलो तुम्हारी जिंदगी के एक और साल को केक काटकर और मोमबत्तियां बुझाकर सेलिब्रेट करें। हैपी बर्थडे हज्बंड!!

## 2019 के वर्ल्डकप टीम से विराट, रोहित और बुमराह को रखते 2003 की टीम में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को खड़ा करने में सौरभ गांगुली की अहम भूमिका रही है। गांगुली अपनी टीम के खिलाड़ियों को बैक करते थे। यहां तक कि अपनी पसंद के खिलाड़ियों के लिए मैनेजमेंट के सामने मजबूती से अपनी बात रखते थे।

पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष गांगुली की कप्तानी के सभी कायल रहे हैं। इसके साथ ही वह अपने विचार खुलकर रखने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के साथ बातचीत में सौरभ गांगुली एक सवाल के जवाब में कहा कि





2019 के वर्ल्ड कप के किन तीन खिलाड़ियों को वह 2003 वर्ल्ड कप में भी देखना चाहेंगे? तो इस पर गांगुली ने विराट कोहली, रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह का नाम लिया।

गांगुली ने कहा, जसप्रीत बुमराह बहुत शानदार गेंदबाज हैं। हम साउथ अफ्रीका में खेल रहे थे, हालांकि उस सीरीज में हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया... रोहित ओपनिंग में, और मैं तीसरे नंबर पर। पता नहीं सहवाग अगर यह सुन रहे हों तो वह मुझे कल फोन करके कह सकते हैं, तुम क्या समझते हो। लेकिन मैं इन तीन खिलाड़ियों को रखूंगा।

गांगुली ने कहा, महेंद्र सिंह धोनी भी– लेकिन क्योंकि आपने मुझे तीन ही खिलाड़ी चुनने को कहा है तो मैं राहुल द्रविड़ से काम चला लूंगा क्योंकि मुझे लगता है कि विकेटकीपर के रूप में उन्होंने काफी अच्छा काम किया।

## प्रवीण तांबे- 48 की उम्र में कैरेबियाई लीग में खेलते हुए आएंगे नजर!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लेग स्पिनर प्रवीण तांबे की उम्र 48 साल है। लेकिन मैदान पर उतरने का उनका जोश बरकरार है। इस साल उम्र में वह कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। सोमवार को तांबे को त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने अपनी टीम के साथ जोड़ा है। और वह सीपीएल में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी के सह–मालिक हैं। इसमें 2008 में शुरू हुई कोलकाता नाइट राइडर्स भी शामिल है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें डिस्क्वॉलिफाइ कर दिया था क्योंकि वह एक टी10 लीग में खेले थे। यह लीग बोर्ड द्वारा स्वीकृत नहीं थी। तांबे ने 41 साल की उम्र में अपना पहला आईपीएल मुकाबला खेला था। साल 2013 में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया था। इस लीग से पहले, तांबे ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट भी नहीं खेला था हालांकि वह क्लब क्रिकेट का जाना–माना नाम थे। वह घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। देखना दिलचस्प होगा कि आखिर बीसीसीआई इस पर क्या रुख अपनाता है।

## न्यूज डायरी



### आंकड़े भी करते हैं तस्दीक, सचिन को सूट नहीं करता था पहली गेंद खेलना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली का सोमवार को दिया गया एक बयान काफी चर्चित हुआ। मयंक अग्रवाल के साथ एक शो में गांगुली ने बताया कि सचिन क्यों पहली गेंद नहीं खेलते थे। गांगुली ने बताया कि इसके लिए सचिन के पास हमेशा जवाब होता था। आंकड़ो के लिहाज से देखें तो भी सचिन के लिए पहली गेंद खेलना ज्यादा मुफीद नजर नहीं आता है। सचिन का ओपनिंग में रेकॉर्ड शानदार है लेकिन जब वह पारी की पहली गेंद खेले तब–तब थोड़ा असर तो नजर आया। आंकड़े बताते हैं कि सचिन ने कुल 463 मैचों में से 344 मैचों में पारी की शुरुआत की है। इन मैचों में सचिन ने 15310 रन बनाए हैं। सचिन का करियर बल्लेबाजी औसत 44.83 का है जो सलामी बल्लेबाजी (1–2) करते समय 48.29 का हो जाता है। सचिन ने करियर में जो 49 वनडे शतक लगाए हैं उनमें से 45 पारी की शुरुआत करते हुए बने हैं।

### श्रीसंत ने भारत की प्लेइंग इलेवन में खुद को किया शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने साल 2007 में टी20 वर्ल्ड कप और साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में जीता है। भारत की इस टीम का हिस्सा तेज गेंदबाज एस श्रीसंत भी थे, लेकिन अब जब उन्होंने भारत की प्लेइंग इलेवन चुनी है तो उसमें एमएस धौनी को बतौर कप्तान जगह नहीं दी है। श्रीसंत ने ऐसी प्लेइंग इलेवन चुनी है, जो तीनों फॉर्मेट(टेस्ट, वनडे और टी20) में खेल सकती है। इस टीम में श्रीसंत ने खुद को भी जगह दी है। देश के लिए 27 टेस्ट, 53 वनडे और 10 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले 37 वर्षीय श्रीसंत ने क्रमशः 87, 75 और 7 विकेट अपने करियर में चटकाए हैं, लेकिन 2013 के स्पॉट फिक्सिंग मामले में उनको दोषी पाया गया था। इसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ ने उनको आजीवन बैन कर दिया था, लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की वजह से बीसीसीआइ के लोकपाल ने श्रीसंत का बैन 7 साल का कर दिया था।

### स्टोक्स पर हावी रहेंगे जेसन होल्डर– फिल सिमंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथैंप्टन। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच बुधवार से से खेलना है और इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर कैरेबियाई टीम के लिए जीत तो आसान नहीं होने वाला है, लेकिन इससे पहले मेहमान टीम के कोच फिल सिमंस का कुछ और ही मानना है। फिल सिमंस ने कहा है कि पहले टेस्ट में हमें दो ऑलराउंडर कप्तानों के बीच टक्कर देखने को मिलेगी और जेसन होल्डर बेन स्टोक्स पर भारी पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों टॉप लेवल के ऑलराउंडर हैं और वे अपनी–अपनी टीमों की अगुआई करेंगे। सिमंस ने कहा कि बेन स्टोक्स ऐसे खिलाड़ी है जो आगे बढ़कर टीम की अगुआई करता है। क्रिकेट में उनका प्रदर्शन इसका गवाह है इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम उन्हें जल्दी आउट कर दें क्योंकि उन्हें टीम की जरूरत के अनुसार प्रदर्शन करना पसंद है।

### कोहली ने धौनी को किया बर्थडे विश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी आज यानी 7 जुलाई 2020 को 39 साल के हो गए हैं। दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज को क्रिकेट जगत के साथ–साथ उनके करोड़ों फैंस से सोशल मीडिया के जरिए शुभकामनाएं मिल रही हैं। इसी बीच भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान विराट कोहली ने भी अपने कप्तान महेंद्र सिंह धौनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विराट के अलावा कई और क्रिकेटरों ने भी उनको बधाई दी है। विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर एमएस धौनी की तीन तस्वीरें शेयर की हैं। इन तीनों तस्वीरों में विराट कोहली उनके साथ हैं और तीनों ही तस्वीरें एक–दूसरे से काफी अलग हैं। कोलाज के तौर पर शेयर की गईं इन तस्वीरों में एक बात कॉमन ये है कि दोनों के चेहरों पर मुस्कान है। इसके कैप्शन में विराट ने लिखा है, हैप्पी बर्थडे माही भाई। मैं हमेशा आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशी की कामना करता हूं।